मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष 26 को लक्ष्मणगढ़ आएंगे

सीकर| राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष न्यायाधीश गोपाल कृष्ण व्यास 26 नवंबर को लक्ष्मणगढ़ आएंगे। एडीएम रतन कुमार ने बताया कि अध्यक्ष व्यास 26 नवंबर को सुबह 10.45 बजे सावरशिया सेवा सदन लक्ष्मणगढ़ से प्रस्थान कर सुबह 11 बजे लक्ष्मणगढ़ में मोदी विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। आयोग अध्यक्ष लक्ष्मणगढ़ से दोपहर दो बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे।

रिक्त सीटों पर आवेदन 29 तक लिए जाएंगे

रामगढ़ शेखावाटी| कस्बे के राजकीय सेठ आरएन रूइया पीजी कॉलेज में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार एम. कॉम. पूर्वार्द्ध (एबीएसटी) में रिक्त रही सीटों के लिए सभी वर्गों (सामान्य, ईडब्लूएस, ओबीसी, एससी, एसटी व एमबीसी) अभ्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन ई-मित्र के माध्यम से आंमत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 नवम्बर रहेगी।

24/11/2022

एनसीसी कैडेट्स ने जनजागरुकता रैली निकाली

रामगढ़ शेखावाटी | कस्बे के सेठ आरएन रूइया पीजी कॉलेज में एनसीसी के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. महेशकुमार स्वामी ने एनसीसी कैडेट्स को अपने राष्ट्र व घर को कचरा, सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रदूषण से मुक्त करने की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रो. नवीनकुमार ने स्वच्छता व सफाई के महत्व की जानकारी देते हुए कचरे का निस्तारण करने के तरीकों के बारे में बताया। एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति शर्मा ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अन्तर्गत युवाओं को अधिक से अधिक स्वच्छता रखने और पौधरोपण कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों के द्वारा मुख्य बाजार में स्वच्छता रैली निकालकर कस्बेवासियों को स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग की अपील की।

कैर, रोहिड़ा व अरडू की नर्सरी के बारे में बताया

फतेहपुर| कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केंद्र का अनुसंधान निदेशक ने दौरा किया। अधिष्ठाता व क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान प्रोफेसर शीशराम ढ़ाका ने श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान निदेशक प्रोफेसर एमएल जाखड़ का स्वागत किया। प्रो. ढाका के निर्देशन में केन्द्र पर कार्यरत विभिन्न इकाइयों का भ्रमण कराया। डॉ. रामू मीणा ने कैर, रोहिड़ा व अरडू की नर्सरी का विस्तृत रूप से बताया। डॉ. धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने एग्रोफोरेस्ट्री के अंतर्गत विभिन्न नर्सरी का अवलोकन करवाया तथा प्रोफेसर ढ़ाका ने बताया कि अनुसंधान केन्द्र पर वर्मीकम्पोस्ट व वेस्ट डीकम्पोजर इकाईयां कार्यरत है। फसल अवशेषों के साथ-साथ विभिन्न अपशिष्ट पदार्थों को डीकम्पोजर द्वारा अपगठित कर उत्तम किस्म की खाद तैयार की जाएगी। डॉ. कैलाश चन्द्र वर्मा व डॉ. चम्पालाल खटीक ने बीज उत्पादन के बारे में बताया। डॉ. संजय कुमार अत्तर व डॉ. मुदसर खान ने अनुसंधान निदेशक को अवगत कराया कि कृषि महाविद्यालय को आंवटित भूमि को इस वर्ष फसल बुवाई हेतु कार्य में ले लिया गया। इस दौरान प्रोफेसर शीशराम ढ़ाका ने विद्यार्थियों के समक्ष अनुसंधान

एक डिग्री गिरव



सीकर | जिले में सर्दी जोर पकड़ रही है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार मौसम साफ रहने से अब तापमान में गिरावट की संभावना है। फतेहपुर में रात का तापमान

सीकर में जिला स्तरीय समू

अपना खेत-अ जोड़ेंगे, उन्हें प्रो

भास्कर संवाददाता | सीकर

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेश चन्द मीना ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा है कि गांव की गरीब महिलाएं किसी भी प्रकार की सुविधाओ से वंचित नहीं रहें। उनका विकास किस प्रकार किया जा सकता है, इस दिशा में राज्य सरकार लगातार कदम आगे बढ़ा रही है। राजीविका के समूहों से जुड़ी महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पाद बाजार में अच्छे दाम में और ऑनलाइन माध्यम से बिके, इसके लिए प्लेटफार्म बनाएं। मंत्री बुधवार को रेलवे सामुदायिक भवन सीकर में आयोजित राजीविका की महिलाओं के साथ समूह संबल संवाद व आमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि

सीकर. कार्य

विधायक रा राजीविका व अलग-अल उत्पाद तैयार महिलाओं के समस्या लिप है। इसके लि

Scanned with CamScanner